जिस वृक्ष पर पागल हो उसे शनिवार को निमन्त्रण दे आए और इतवार को प्रातः उसकी डाली लाकर गूगल की धूनी देवे और फिर पैर के नीचे दबाकर बैठ जाय और १०१ बार मन्त्र जपकर डाली सिद्ध करले तो उस डाली के पत्तों को सिर रखकर व्यौपार करे तो बैरी इच्छानुसार कीमत देकर माल खरीदे। मन्त्र—ओम नमो चंड अलंसुर स्वाहा।

गढ़ा धन दीखे

लाख पूंछ की बामनी के खून और मेवसिंघ को पीसकर अंजन लगाये तो गढ़ा धन दिखाई दे।

रिद्धि सिद्धि

भादों कृष्णपक्ष में जब भरनी नक्षत्र हो तो मिट्टी

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

के घर में चौकाकि करके चार कलश भर कर रक्खे और गूगल की धूनी देकर विधि पूर्वक उसकी पूजा करे फिर दूसरे दिन देखे जो कलश खाली हो गये हो उनमें फिर अन्न भर दे और एकान्त में रख नित्य उसकी पूजा विधि से किया करे और भरे हुए कलसे को घर में छिड़क दे तो अन्नपूर्णा देवी उससे प्रसन्न हो उसको कभी भूखा नहीं रहने देती है उसे ऋद्धि सिद्धि प्राप्त होती है ।

मन्त्र सिद्ध करने की विधि

इन मन्त्रों को जब कोई मनुष्य सिद्ध करना चाहे तो उसको चाहिए ब्रह्मचर्य होकर शुद्धता के साथ एकान्त स्थान में जहाँ कोई न आ सके अपने चारों तरफ धूप दीपक फूल अतर मिठाई रख ले और इस मन्त्र को अपने ऊपर पढ़ फूंक लेना चाहिए और आसन के चारों ओर तीन कुण्डली खींच ले क्रिया शुरू होने पर फिर न किसी से बोले और न लकीर से बाहर निकले मन्त्र का जप जब बन्द हो जाय तो जो वीर बोले उसका जवाब दे ।

मन्त्र

हाथ बसे हनुमन्त भैरों बसे लिलार जो हनुमन्त

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

का टीका करे सोहे जग संसार जो आवे मार-मार करता सो टीके पांय लगन्ता हनुमन्त वीर पंजा दे रहे मुहम्मदी वीर छाती तो दे जुगनियां वीर सिर मोड़े जगनियाँ वीर मार मरम्मत करे श्रीसिंह वीर प्रकट गाजे भैरो वीर की आँन फिरतो रहे जो हमारे ऊपर घाव घाले उलट हनुमन्त वीर उसीको मार जल बांधू कुदुंक और काया चेत रहे प्रानी हनुमन्त वीर आया बांई तरफ सवाई तपै लोहा कच पड़े धाई लाल चक्र चर्का असमान छाया हांक ललकार हनुमन्त वीर चक्रि पानी हो जासे राजा महाराजा विराजा साहब सत्य के पुत्र धर्म के नाती तुम्हारा ही आसरा है।

तरकीब—आठों पहर व्याघ्र से बचने का मन्त्र ऊपर लिखा गया है। जो मनुष्य प्रातःकाल स्नान करके नित्य पढ़े और कनिष्ट ऊँगली पर फूंकके बांई हथेली पर तीन कुण्ड खींचकर तिलक लगावे तो आठ पहर हर बला से बचेगा।

मन्त्र देह रक्षा का

ओम पर ब्रह्म परमात्मने नमः मम शरीर पाहि पाहि कुरु स्वाहाः १०८ बार यह मन्तर जपे तो सिद्ध

. Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

हो फिर हर एक सिद्ध के पहिले अपनी देह रक्षा का यही मन्त्र पढ़ के चले ।

लोक वशीकरण मन्त्र

बेल का पत्ता, बिजौरा और नमक लेकर उसमें बकरी का दूध डालकर पीसे और नमक लगावे तो लोक के प्राणी वश में होवें ।

विधि

सिद्धि के लिये शनिवार से २९ वें दिन रात के समय साफ स्थान में पवित्र होकर एक पुतली बनावे और उसका सविधि पूजन करें । फिर दीपक धर गूगल की धुप देवे । उस मन्त्र को २१ बार जपे तो सिद्ध हो शनिवार सवा पाव लपसी का भग करे, और पाँच दिन बताशे का भोग करे ।

गर्भ स्थिर रहे

कु वारी कन्या को स्नान कराकर रविवार के दिन सूर्य के सामने बैठकर ढई सूत के सात हाथ का डोरा बटे फिर तीन २ गाँठ लगाकर दो गडे बनावे और नीचे लिखे मन्त्र को २१ बार पढ़े । गूगल को धुप देकर एक गले में और दूसरा गंडा कमर में बाँधे तो गर्भ निश्चय रहे ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

मन्त्र

ओ३म नमो आदेश गुरु को ।ओ३म संतबर पुष्प पाव को राव थंबे गर्भ छोड पाप उकवा मासगर्भ की वासा पर साही लेद तिगास गोरी माता गर्भ को राखो हनुमन्त गन्डा बांध लेओ दस मांस, बीस बार मन्त्र जपो आदेश गुरु की अंड—सुपारी कीजिये अनु राधा के मांह, जाको दूध दीजिये कड़े बंधावे ताही गर्भ तिरिया नहीं रहे जाही का ताला ।

श्रेष्ठ वशीकरण

घी ग्वार का जला भांग के बीज मिलाकर मर तक पर तिलक लगाने से उत्तम वशीकरण होता है ।

राजा वशीकरण का मन्त्र

ओ३म नमो आदेश गुरु का जला बाधु, शहर बांधू, अग्नि बांधू, वार बन बांधू, शिव पुत्र प्रचन्ड बांधू, राजा का इकरसा आंगन छोड मुजे वसन देशीं असली जोकों चन्दन लबाड़ कीको कांढ़ी सिसवर्न कहाऊ पोन गुरु की उक्ति मेरी कवित करो मन्त्र ईश वरो वाच ।

धूप, दीप नैवेद्य घर की पार्वती का ध्यान करो शनिवार के दिन २१ दिन १२१ जप करे । मन्त्र

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

सिद्ध होयगा। पश्चात कुंकुम, चन्दन गोरोचन मिला कर गाय के दूध में तिलक कर राजा के सन्मुख जावे तो देखते ही राजा वश में हो।

अनोखा वशीकरण

चिता की भस्म, बच, कूट, केशर और गोरोचन इन सबको बराबर लेकर चूर्ण बना जिस औरत के सिर पर छोड़ेगा वह अवश्य ही वश में हो जायगी।

राजा वशीकरण मन्त्र

रुष्ट नृपति वा रुष्टि राजकर्मचारी को प्रसन्न करने के निमत्त जो मनुष्य श्रद्धा पूर्वक एकाग्र चित्तसे मन्त्र का जप करेगा उसका सब भय जाता रहेगा।

विधि—दिवाली को रात्रि को अष्टगंध से लिख धूप दीप नैवेद्य १०८ मन्त्र का जपकर पगड़ी में रखे

यह मन्त्र पत्थर पर लिखकर चूल्हे में गाड़कर ७ दिन रक्खे। मन्त्र के नीचे जिसे वश में करना हो उसका और उसकी माता का नाम लिखे।

वशीकरण मन्त्र

धूली २ विकट चाँदनी पट मारू धूली फिर दिवानी घर तजे बाहर तजे, ठाडी मातार तवे दे दो दिवानी एक सष्टी कुलवान तू नारसिंह वीर अमुकी

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

को उठाई न्याय मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र इश्वरो वाच ।

विधि

जो नारी शनिवार को मरे उसके पांव के नीचे अँगार लेकर कोरे मिट्टी के बर्तन में रखकर ७ बार जिसके माथे पर लगावे सो वश में हो जावे ।

नारी वशीकरण मन्त्र

रविवार के दिन हाथ और पैर के नखों को राख पानी में रखकर खिला देवे तो नारी वशमें हो जावे ।

तथाच

कांगनी, सौंप, केशर, शंखोचत इसको घोड़ा के मूत्र में लेप बनाकर योनि पर लेप करे तो यह लेप पुरुषों को वश में करने वाला है ।

तथा नीम की लकड़ी धूप बना फिर भग पर लेप करके जो औरत अपने पति से रमण करती है तो वह उस पति को अपना दास बना लेती है ।

सब कार्य सिद्धि यन्त्र

इस मन्त्र को बांस की कलम से सफेद चन्दन से फूल अथवा तांबे की थाली में लिख तो सब कार्य सिद्ध होंगे ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

औरत वशीकरण

जिस मनुष्य की औरत रुष्ट होगई हो वह निम्न लिखित मन्त्र द्वारा वशीभूत करे ।

मन्त्र

ओम नमो रुद्राय नमः काम देवायः यस्य यस्य वश्यो भवानि पश्चिय मुख कुरु कुरु स्वाहा ॥

विधि—श्मशान भूमि में रात के बारह बजे नित्य प्रति जाकर सवा लाख मालायें जपे अथवा रातके २ बजे पर वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धान्त द्वारा मन्तर का एक लक्ष जाप करे तो सिद्धि को प्राप्त होगा ।

पुरुष वशीकरण

जिस नारी का पति रुष्ट होगया हो उसको वशी भूत करने में निम्नलिखित मन्तरों का प्रयोग करे ।

मन्त्र

ओम नमो महायक्षणे मम पतिये वशवं कुरुकुरु स्वाहा

यक्षणी वशीकरण

इस मन्तर में सिद्ध करने वाले मनुष्योंको कारण पिशात्व कहते हैं । जिस मनुष्य से यक्षण प्रसन्न हो जाती है वह कालदर्शी हो जाता है । अर्थात भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंका हाल उसे मालूम

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

रहता है श्री दत्तात्रेय जी इस मन्तर को इस प्रकार कहते हैं।

मन्त्र

ओम हूँ अंकु कों कट यक्षणी महादेवी बलिदान सिद्धः चावलमः

विधि–व्यास पूर्णिमा के दिन प्रथम और कर्म करावे फिर आदित्यवारके दिन पुष्यनक्षत्र में स्नानादि से शुद्ध होकर संधि के समय श्मशान भूमि में जावे और वहीं पर सोवे। प्रातःकाल सूर्योदय से प्रथम उठकर शौचादि से फारग होकर स्नान करे और उपरोक्त मन्तर को एकाग्र चित्त से १०८ बार जपे। इस प्रकार इकसठ दिन तक जप करने से मन्तर सिद्ध होकर साधक को अपना फल दिखायेगा।

शत्रु वशीकरण

यदि किसी मनुष्य से दुश्मनी हो गई हो तो उस को वश में करने के लिये निम्न मन्तर का जाप करे.

ओम अघोरे अघोरे कर्म करके हूं हूं फट् स्वाहाः ॥

अमुक दुश्मन वश्यं वश्यं स्वाहाः ॥

विधि–जिस मनुष्य से वैर हो गया हो अमुक के स्थान पर मन्तर जाप करते समय वैरी का नाम लेता

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

जावे, उसकी क्रिया इस प्रकार करे कि प्रातःकाल स्नानादि से निश्चिन्त होकर निर्जन स्थान में आम के पेड़ के नीचे जावे और उसकी कोपल में दोनों हाथ की मुट्ठी बांधकर लगावे मन्तर के अन्तिम शब्द स्वाहा पर दोनों मुट्ठी कोपल के भीतर छोड़ दे और फिर मुट्ठी बाँधकर जप करे इस प्रकार इक्कीस दिन तक नित्य प्रति एक सौ आठ बार जप करे।

वशीकरण

पुष्य नक्षत्रमें रविवार के दिन सहदेई को उखाड़ लावे और छाया में सुखावे। इसके बाद पान में जिस औरत को खिलावे वह निश्चय ही वश में होवेगी।

पति वशीकरण

गोरोचन और मछली का पित्त मोर शिखा और घी इन सबको मिलाकर नारी अपनी योनि पर लेपन करे इसके बाद रति करे तो मैथुन भावसे पति उसका दास हो जायगा। रूप यौवन सम्पन्ना ऐसी नारी के बिना अन्य किसी की भी इच्छा न करेगा।

तथाच

कलय विल्वपत्र और गोरोचन, मैनसिल इन सबको बराबर भाग में लेकर तांबे के बर्तन में सात

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

रात पर्यन्त तेल में पचाकर रखें। तदनन्तर इस प्रकार बने हुये तेल को योनी पर लेपन करके पति के समीप जावे तो मैथुन भाव को प्राप्त होकर पति उसका दास हो जाता है, इसमें अन्यथा नहीं जानना

तथा वशीकरण मन्त्र

शनिवार के दिन एक पुतली बनाकर उसके पेट में स्त्री का नाम लिखे और १०८ बार मन्त्र पुतली को दिखावे और पुतली को छाती से लगा रक्खे तो मनचाही नारी बेचैन होकर हाजिर हो जायगी।

महामोहन मन्तर

ओम श्रीं धुं धुं ठः ठः

चिपका पक्षी का पंख परवा को लेकर कस्तूरी में पीस मन्तर पढ़ उसका तिलक करें जो देखेगा मोहित हो जायगा।

स्वामी वशीकरण मन्तर

ओं छुं छुं छां छां ङः

गांधोली के फल की गुठली की माला ले सूर्य पर्व को नदी के किनारे आजनी पेड़ के नीचे सोमवती अमावस्या के दिन कुशाओं के आसन पर बैठकर जपे तो स्वामी वश में हो।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

वशीकरण मन्तर

इस मन्तर को भोजपत्र पर कपूर, चंदन, गोरोचन की स्याही चमेली की कलम से लिखकर सात दिन तक पूजा करे और तावीज में मढ़वाकर बांह में बांध ले फिर जिसके पास जावे, वशीभूत हो जायगा।

मोहनी पुतली---वशीकरण मन्तर

बांधू इन्द्र को बांधू तारा बांधू बिन्द लोंही की धारा उठे इन्द्र न बोले बवा सूक साख पूवी हो जाय बन ऊसर लोकां कड़े होयां ऊपर लो सूत में तो बन्धन बांधियों सास-ससुर जाया पूत मन बांधू मन्वत विद्या दे साथ चार खूंटलों फिर आये फलाना के साथ गुरु गुरो स्वाहा।

विधि

सिद्धिकरण शनिवार से २९ दिनके समय स्वच्छ स्थान में पवित्र होकर एक पुतली बनावे और उसका सविधि पूजन करे। फिर दीपक धर गूगल की धूप दे इस मन्तर को २१ बार जपे तो सिद्ध हो। शनिवार के शनिवार सवा पाव लपसी का भोग लगावे और पांच दिन बताशा का भोग धरे।

वशीकरण सुपारी मन्तर

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

'ॐ नमो भागवते वासुदेवाय त्रिलोचनाय त्रिपुर वाहनाय जिसको वश में करना चाहे उसका नाम ले (अमुक) अच्छा मुहूर्त देख १०८ बार मन्तर को जप कर सुपारी पढ़कर जिसको खिलावे वह निश्चय वश में हो जायगा।

तथा मन्तर

ओम क्लीं सः अमुकं मे वश कुरु कुरु स्वाहा।

एक लाख मन्तर जपे, सिद्ध हो।' फिर एक हजार जप कर केशर, चन्दन, गोरोचन और कपूर मिलाकर दूध में घिसे तिलक करे तो जिस राजा के सम्मुख जावे, वश में हो।

वेश्या वशीकरण

ओम द्राविणी स्वाहा ओम ह्रामिले स्वाहा।

दस हजार जप कर मन्तर सिद्ध करले। उसके पीछे ओंगा का गूदा ४ अंगुल निकाल लेवे और इस मन्तर को सात बार उस पर पढ़कर वेश्या के घर में गेर दे तो वशीभूत हो।

वशीकरण मन्तर

पुष्य नक्षत्र रविवार को जब होय तब सहदेई को लाकर छाया में सुखाये। इसके बाद पान में जिस

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

नारी को खिलाए वह निश्चय वश में हो।

माघ महीने में जब बुध और अष्टमी को स्वाती नक्षत्र हो तो उस दिन आम वृक्ष को एक पैसा और कसैली से न्योता दे आए प्रातःकाल (दूसरे दिन) उस का कोपल तोड़ लाए तो वह जिस औरत के सिर पर डाले वह सर्वदा उसके वश में रहेगी।

यदि औरत पुरुष को वश में रखना चाहे तो वह चेटक करे। तोरो सरसों, तुलसी, धतूरा, ओंगा और तिल का तेल सब को खूब बारीक पीसकर तेल मिलाकर बदन में लगावे तो जिस पुरुष को चाहे वश में रखे।

तथाच

पुष्य नक्षत्र में धोबी के पैर की धूली ले आए जिस औरत के सिर पर रविवार के दिन संध्या के समय डाले वह वश में हो जायगी।

वशीकरण सुरमा

इन्द्रजाल के रचियता का मत है कि इस सुरमे को लगाकर जिस नारी पुरुष की ओर देखोगे वही वशीभूत हो जाएगा।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

सुरमा बनाना

गोरोचन घुग्घू का पित्ता, काढ़ निकार पावे जित्ता।
उतना वेय मिलाकर घी, आँज नैन सुखी होगी ॥

अर्थात–गोरोचन और घुग्घू के पित्ते लाये और उसको घी में मिलाकर लगाए। लगाने से पहले वह देखले अथवा किसी सुयोग्य वैद्य से आँखों की परीक्षा कराकर देखले कि यह सुरमा उसके मुफीद होगा या नहीं यद्यपि इन्द्रजाल वालों ने ऐसे अनेक तन्तरों का विधान किया है। परन्तु यह असम्भव से ज्ञात होते हैं। इसलिए पाठकगण इन तन्तरोंको खूब होशियारी के साथ समझ बूझकर काम में लावें अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि होने का भय है।

वशीकरण पान

वशीकरण पान सुरमा, अँजन इत्यादि चीजें बनाने की विधि रावण कृत उडीस तन्तर या दत्तात्रेय जी ने अपनी दत्तात्रेयीय नामक पुस्तकों में लिखा है। उन्हीं का भाषा अनुवाद यहां पर किया जाता है। कहीं-कहीं पर इन्द्रजाल वालों ने भी उन्हीं का वर्णन किया है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

वशीकरण धूनी

जिस औरत या आदमी पर भूत प्रेतात्मा का प्रभाव हो और वह किसी प्रकार नहीं जाता हो तो निम्नलिखित धूनी से काम लेवे और उसको अपने वशीभूत कर उतारे ।

धूनी बनाना

इस धूनी के बनाने में दत्तात्रेय जी कहते हैं कि—

काली सरसों कुचुकी, हींग नीम के पात ।
बच औंगा गूगल, मिला तुरत करे कुशलात ॥

अर्थात—काली सरसों, कैंचुकी सर्प की, हींग, नीम के पत्ते, बच औंगा के पत्ते और गूगल इन सबको कूट पीसकर धूनी बनावे और समय पड़ने पर अग्नी पर डाल कर धूआं भूतादी ग्रहस्थ को देय तो वशीभूत होकर उतर जावेगा और धूनी वालों का इच्छानुसार कार्य करेगा ।

तथाच

अपमार्ग की जड़ को कपिला गाय के दूध में पीस कर मस्तक पर उसका तिलक करने वाला तीनों लोक को अपने वश में कर लेता है ।

वशीकरण चूर्ण

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

सहदेई लेकर छाया में सुखा लें। फिर चूर्ण को पान में खाने से सब वश में हो जाते हैं।

वशीकरण तिलक

गोरोचन और सहदेई को मिलाकर तिलक करने से जो देखता है वश में हो जाता है। तथा—

जो अपने ललाट और औदुम्बर की जड़ का तिलक लगाता है वह सबको प्रिय होता है। उस पर जिसकी दृष्टि पड़ती है वह उसके वशीभूत हो जाता है।

सर्वलोक वशीकरण

पान में औदुम्बर की जड़ जिसको खिलादे वह वश में हो जाता है।

वशीकरण गुटिका

सरसों तथा देवदार को इकट्ठा करके गोली बनाले फिर उसको मुंह में रख जिससे वार्तालाप करे वह सब वश में हो जायगा।

रक्त तिलक

कुंकुम, केशर, सोंठ, कूठ हरताल तथा मैनसिल को इकट्ठा करके उसमें अपनी अनामिका उंगली का रक्त मिलावे। फिर उसका तिलक लगाने सब लोग

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

वश में हो जाते हैं।

नारी वशीकरण चूर्ण

काला कमल, भौरा के दोनों पंख तगर मूल, सफेद कौआ गोड़ी इन सबका चूर्ण बना जिस नारी के सिर डाले वह शीघ्र दासी हो जायेगी।

स्त्री वशीकरण लेप

रात के अन्त में जो मनुष्य बायें हाथ से अपना वीर्य नारी के बायें चरण के तलवे में मलता है वह नारी उस पुरुष के वस में हो जाती है।

तथा अन्य लेप

सेंधा नमक, और कबूतर की बीट को पीस कर जो मनुष्य अपने लिंग पर लेप करके स्त्री से रमण करता है वह स्त्री दूसरे पुरुष को सुन्दर रूप-वाला मानती है तथा—

गोरोचन, कुमुद, पारा, केसर और चंदन इसको धतूरे के रस में रमण करता है तो उस स्त्री के हृदय में मधुर भाव को प्राप्त करता है। अर्थात—प्यारा हो जाता है।

वशीकरण चूर्ण

ब्रह्मदण्डी, बच तथा कूटका चूर्ण बनाकर उसको

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

पान में रविवार के दिन जो जिसको खिलावे वह वस में हो जाता है ।

वशीकरण तिलक

वट वृक्ष को पानी में घिसकर उसमें भस्म मिला कर उसका तिलक लगाने से सब लोग वशीभूत हो जाते हैं ।

पुतली सर्व वशीकरण मन्त्र

ओम ह्रीं क्लीं जंहिये अमुकी आकर्षय आकर्षय मम वश्यं कुरुकुरु मोह कुरू कुरु स्वाहा ।

एक पुतली बनाकर केसर कुंकुम गोरोचन से भोजपत्र पर लिखकर शुभ घड़ी में पूजन करे । और अपने कार्य की प्राप्ति को फिर अर्ज करे और लीप पोत स्वच्छतासे रखे और फिर खैर (कत्थे की लकड़ी) की लकड़ी से तपावे और १०८ बार मन्त्र जप गूगल की गोली व लाल कनेर का फूल घृतमें सानकर अग्नि में डाले तो १०८ दिनमें काम सिद्ध होवे । इस पुतली से नर नारी प्रजा सब वश में होवे ।

राजा वशीकरण

'ओम नमो भास्कराय त्रिलोकात्मने अमुकं महीपति वश्यं कुरूकुरू स्वाहा ॥

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

यह मन्त्र एक लाख जप करने से सिद्ध होता है और प्रयोग करने के पूर्व १०८ बार जप करके प्रयोग करना चाहिए। इस मन्त्र में जहाँ अमुक शब्द आया है, वहाँ प्रयोग करने के समय जिसके ऊपर प्रयोग करना है उसका नाम लेना चाहिए।

वशीकरण मन्त्र

ओम नमः भवाय नमः सवण्कि अमुकी (इस स्थान पर उस स्त्रीका नाम) में वश्य भवाय स्वाहा।

इस मन्त्र को दस हजार जाप करे फिर जिहवा का मैल, दाँत का मैल, नाक का मैल कान और दाँत का मैल, लिंग का मैल इन सबको मद्य में मिलाकर जिस नारी को पान करावे वह वश में हो।

राजा वशीकरण अंजन

जिस रविवार को पुष्प नक्षत्र हो उस दिन सुदर्शन की जड़ लाकर उसमें तुलसी की पत्ती और कपूर मिलाकर उसको पीसे। फिर वस्त्रके ऊपर लेपन अर्थात वस्त्र में लपेटकर उसकी बत्ती बनाले। फिर स्वच्छ होकर सावधानी से विष्णुकांता के बीज के तेल में रात्रि के समय उसे जलाकर काजल पार ले। इस काजल को नेत्रमें डालने से राजा वशमें होजाता है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथा तन्त्र

जिस मंगलवार के दिन अमावस्या हो उस दिन नित्यक्रिया करके स्वच्छता पूर्वक बन में चला जाय और वहाँ जाने पर उत्तर की ओर मुख करके खड़ा होकर अपामार्ग के पेड़ को देखे। फिर उसी स्थान में ब्राह्मण बुलाकर विधिपूर्वक उसकी पूजा करके उसको १६ माशे सोना दान कर दे और उसी ब्राह्मण से अपामार्ग के बीज को निकलवा कर ले ले। फिर उस के बीज को लेकर गृह को चला आवे और मार्ग में किसी से कुछ न बोले। फिर उन बीजों को साफ कर ले और हृदय में रमेश भगवान का ध्यान करके जैसे हो सके इस उपाय से उस बीज को राजा को खिला देना चाहिये। इसप्रकार का वसीकरण करने से राजा जन्म भर वसीकरण करने वाले के वशमें रहता है।

तथा अंजन

तालीस कूट तथा अगर मिलाकर लेप बनाले, उस लेप को रेशम के कपड़े पर आप लगाकर उसकी बत्ती बनाले फिर मनुष्य की खोपड़ी में कड़ुवा तेल (सरसों का तेल) डालकर उसमें उस बत्ती को लत करके उसका काजल पारे और उस

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

को नेत्र में देकर जिसको देखे वह बस में हो जाता है यह अँजन तीनों लोकों को बस में करने वाला है।

पुरुष वशीकरण मन्त्र

'ओम नमो महा यक्षिण्यै मम पति में वश्य कुरुकुरु स्वाहा ।।

अन्य मन्त्रों के समान एक लाख जप करने से यह सिद्ध होता है और प्रयोग करने के पूर्व १०८ बार इसका जप करके तब प्रयोग करना चाहिये।

राजा का वशीकरण

कुंकुम, चन्दन, कपूर, और तुलसी का पात्र गौ के दूध में पीसकर तिलक करने से राजा वश में होगा

तथाच तिलक

हरताल, असगन्ध और मेनसील को बकरी के दूध में पीसकर तिलक करने से राजा वश में होगा।

प्रेत वशीकरण

जिस प्रकार सास्त्रों में भूतों का वर्णन आया है उसी प्रकार प्रेतों का भी आया है। किसी सास्त्रकार ने प्रेतलोक का भी वर्णन किया है। साबरि तन्त्र और यक्षणी साधन जाप पुस्तकों में इसका पूर्ण विवरण है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

भूत वसीकरण

जो मनुष्य भूतों द्वारा उपचार करते है वह 'स्याने' कहलाते हैं। भूत एक प्रकार का रोग है जिसका सविस्तार वर्णन नायुर्वेद ने किया है। वैधक सास्त्र के अनेक ग्रन्थ ऐसे पाये जाते हैं जिसमें भूत प्रतादि का वर्णन आया है तथा उनका इलाज भी यन्त्र मन्तर याद आते हैं। वह मन्तर ऐसे है कि जिनका वर्णन पृथक-पृथक ग्रन्थोंमें अलग-अलग लिखा है यहाँ बसीकरण करने का वर्णन सूक्षम रूपसे किया जायगा।

भुत बसीकरण मन्तर

ओम चन्द्रमौलिक शंकरो भुतनाथो गिरजापतं।
नीलकंठाय सर्प बिभुषित डमरू त्रिशूल धर नमो।

बिधि

चन्द्रमा के उदयकाल में नदी तट पर जाकर स्नानादि से पवितहै होवे और बागम्बर बिछावर दक्षिण की ओर मुंह करके बैठे उपरोक्त मन्तर का १०८ बार जाप करे इकतीस दिन में मन्तर सिद्ध को प्राप्त होगा।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

अथवा

ओम नमो भगवते ओंकारेश्वराय: ओम कोरेश्वराय: कु ह कु ह इहूँ कुरनी कुरवतो स्वाहा: ।

विधि

निर्जन वन में जाय वट पेड़ के नीचे कुशासन बिछा कर रात के समय जपे और एकाग्र चित्त से श्री शंकर महादेव का ध्यान धरे और प्रतिदिन १०० बार मंत्र का जाप करे । इक्कीस दिन पीछे मंतर सिद्धि को प्राप्त होगा ।

सर्व वसीकरण मंतर

ओम नमो आदेस गुरु को । राजा मोहन जाप मोहन मोह ब्राह्मण बनियां । हनुमतरूप में जगत मोह तो रामचंद्र भणि भणियां । गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंतर ईश्वरो वाच ।

विधि

इक्कीस दिन तक १०१ बार जपे तो सिद्ध होकर जिस गाँव में जावे तो वहां के चौराहे की धूलमें सात बार मंतर पढ़कर माथे पर लगावे । जो देखेगा वह वस में हो जायगा ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

सर्व नारी साधुयोग

खस, चंदन इसमें सहद मिलाकर तिलक करे तो और नारी के गले में बांह डालकर वश में करे तो नारी वश में होवे।

अद्भुत वशीकरण

चित्ता की भस्म, बच, कुट, केशर और गोरोचन इन सबको सम भाग लेकर चूर्ण बना जिस नारी के सिर पर छोड़े तो अवश्य ही वश में हो जावेगी।

राजा वशीकरण

कुंकुम, चंदन, गोरोचन इनमें भीमसेनी कपूर मिलाकर गौ के दूध में घोंटकर तिलक करने से राजा वश में होता है।

तथाच

चम्पा के बांदे को यत्न से भरणी नक्षत्र अथवा पुष्य नक्षत्र में लाकर विधिपूर्वक हाथ पर बांधे तो उसके देखने से राजा और मनुष्य वश में हो जाते हैं। तथा हाथ में सुदर्शन की जड़ बांध ले तो राजा का प्यारा हो जाता है। परंतु इसके पहले--

मन्त्र

'ओम ह्रीं सः अमुक में वश मानय स्वाहा।'

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

इस मन्त्र को १००० बार जैसे विधि पहले कही गई है। उसीप्रकार के आसन पर बैठकर उसी प्रकार की माला से वैसे ही दिन नक्षत्र में जप लेवे।

पति वशीकरण तन्त्र

ओम नम: कामाक्षी देव्य अमुकी में वशं कुरुकुरु स्वाहा

यह मन्त्र एक लाख जप करने से सिद्ध होता है। प्रयोग करना हो तो प्रयोग के पहले १०८ जप कर लेना चाहिए। प्रयोग करने में अमुकी शब्द के स्थान में जिस नारी पर प्रयोग करना हो उसका नाम लेना चाहिये।

पति वशीकरण मन्त्र

गोरोचन, योनि में का रक्त और केले का रस इकट्ठा करके इसका तिलक करने से पति वश में हो जाता है।

तथाच

सफेद सरसों और अनार का फूल, टहनी पत्ते जड़ को इकट्ठा कर योनि के ऊपर इसका लेप करने से यदि स्त्री दुभगा हो अर्थात कुरुप भी हो तो भी अपने पति को दास के समान अपने वशमें कर लेती है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथाच

जिस स्त्री को वश में करना हो उसका नाम कमल के पत्र पर गोरोचन से शनिवार को लिखे। फिर उसी पर तिलक करने से वह स्त्री वस में हो जाती है।

वशीकरण अंजन

मंगल के दिन मालती के फूल को यन्त्र में लपेट कर बत्ती बना ले। फिर मनुष्य की खोपड़ी में रेड़ी का तेल डालकर उस बत्ती को उसमें जलाये और काजल करे, इस प्रकार बनाये हुए काजल को अपने नेत्रों में देकर स्त्री पर जिसको वश करना हो दृष्टि-पात करने से बिना मन्त्र के स्त्री वश में हो जाती है मेरा कहना मिथ्या नहीं है।

तथा लेप

यव का चूर्ण, हल्दी, गोमूत्र, घृत तथा सरसों का तेल लेप बनाकर जो शरीर पर लेपन करे उसको देखते औरत उसके वस में हो जाती है।

तथा चूर्ण

उल्लू पक्षी का मांस छाया में सुखाकर उसका चूर्ण बनाले। फिर जिसकी औरत के सिर डाल दे

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

वह वश में हो।

जगत वशीकरण

इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि मनुष्य जिस स्थान पर जावे अथवा जिस मार्ग होकर निकल जावे उधर के समस्त औरत-मरद वशीभूत हो जावे अथवा जिस सभा में जाकर बैठ जावे उसमें बैठे हुए सब मनुष्य वस करने वाले के ही गुणगान करते रहें।

मन्त्र

ओम नमो भगवते रुद्राय नमः सर्व जग वस्य कुरुकुरु फट स्वाहाः ।। (उड़ीस तन्त्र)

विधि

यह मन्त्र ४१ दिन में सिद्धि को प्राप्त होता है। इसकी क्रिया इस प्रकार की जाती है कि स्नानादि से निवृत होकर वट के नीचे अश्वनी नक्षत्र रविवार से से सिद्धासन द्वारा बैठकर जप करना शुरू करे और सवा लाख बार मन्त्र को श्रद्धा सहित विश्वास के साथ जपता रहे सिद्धि को प्राप्त होगा।

अथवा

ओम भुवन भास्कराय जगद्वश्यं ब्रुया।
भवानि घनश्चाय सुखं पश्यन्ति तेतं वश्यं स्वाहा ।।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

विधि

चाक की मिट्टी अबाकी राख दोनों को मिलाकर पहले चौका लगावे फिर स्नानादि से निवृत्त होकर प्रातकाल सूर्योदय के उद्धासन द्वारा बैठे और विश्वास सहित सात दिन जाप करे। एक स्वांस में सभी मन्त्र सिद्धि को प्राप्त होगा।

वशीकरण इलायची मन्त्र

ओम् नमो काला कलवा काली रात निशा की पुतली आधी रात। काला कालवो घाट वाट, सोती को जगाय लाव, बैठी को उठाय लाव, खड़ी को चलाय लाव वेगी घर लाव, मोहिनी सोहिनी चल, राजा की टाउ अमुकी के मनमें चटपटी लगाव, जीया लें तोड़ जो कोई खाइ इलायची हमारी, कभी न छोड़े हमारा साथ घर को तजे बाहर तजे, घर के साईं को तजे, हमें भजे और कनों जाई छाती फाट तुरत मर जाय। सत गुरु आदेश गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा ईश्वरी महादेव की वाचा, बाचा टरे तो कुम्भा नरक में पड़े।

विधि—२१ दिन में सिद्ध करके इलायची पर ११ बार पढ़ के मन्त्र दे तो अवश्य वश में हो।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथा तिलक

बेल पत्र और मातु गल को बकरी के दूध में मिला कर तिलक करने से सर्व साधारण वशीभूत हो जाते हैं।

तथा भांग का बीज और घी ग्वार की जड़ का तिलक माथे पर कर देने से सब लो बश में हो जाते हैं। तथा हड़ताल, असगन्ध तथा सिन्दूर को केले के रस में मिलाकर ललाट पर तिलक करने से सब लोग वश में हो जाते हैं।

तथा अपामार्ग का बीज बकरी के दूध में मिलाकर तिलक लगाने से सब लोग वश में हो जाते हैं।

तथा पान और तुलसी के पत्र को कपिला गौ के दूध में मिलाकर ललाट पर तिलक लगाने से सब कोई बश में हो जाता है।

लौंग वशीकरण

ओम जल की योगनी पाताल का नाग जिसके भेजू तिसे लाग। सोते सुख न बैठे सुख, फिर देखे मेरो बांह छूटे तो बाबा नारसिंह की जटा छूटे।

विधि

चार लौंग पीस पत्ते में रख बगर की धूनी दे।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

फिर औंगा तने रख पानी में गोता लगावे और सात बार उपरोक्त मन्त्र को पढ़कर फिर पानी से निकालकर मुँह से पत्ता निकालकर अगर व गूगल की धूनी देकर जिसे खिलावे सो आवे।

वशीकरण तिलक

सफेद आक की जड़ को छाया में सुखाकर कपिला के दूध में उसका तिलक करले। जो देखेगा वश में होगा।

वशीकरण लेप

सफेद दूब को कपिला गौ के दूध में मिलाकर शरीर पर उसका लेप करने से सब कोई वश में हो जाता है अर्थात इस लेप को शरीर पर लगाता है उसको देखने वाले उसके वश में हो जाते हैं।

पति वशीकरण मन्त्र

ओम, ह्रीं घीं क्रीं, थीं ठः ठः ॥

पड़वा के दिन परेवा पक्षी को मार लावे फिर मन्त्र पढ़ उसका माँस पान में डालकर खिलावे तो पति वस में रहे।

वशीकरण

उल्लू का माँस तथा बकरे का माँस दोनों अलग में

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

खिला देवे तो वह रात दिन वश में रहेगा।

शत्रु वशीकरण

लाल चन्दनसे भोजपत्र पर दुश्मन का नाम लिखे या शहद में डुबा दे तो वैरो वश में हो जावे।

वशीकरण बुकनी

चिता की राख, कूट, बच, तगर कुंकुम को पीस कर स्त्री के सिर पर छोड़े जन्म भर दासी हो।

शत्रु वशीकरण विधि

घुग्घू की चोंच और पाँव दोनों मिलाकर पीस ले और १०८ बार मन्त्र जपके वैरी के माथेपर बुरकी डाले तो वह वश में हो जाय और कुछ न करेगा।

सर्व कामना सिद्धि मन्त्र

घुग्घू की पीठ का हाड़ लेकर और घिसकर उस का तिलक लगावे तो सम्पूर्ण कामना पूरी हों। इसका मन्त्र ये है—ओम नमो महा पंखे शाखरी आचछ अतु-लाव बल पराक्रमाय सर्व कामना वश्यं कुरुकुरु सत्रेश्वरी आठ ओम स्वाहा।

सोता मनुष्य चित की बात कहे

घुग्घू का कलेजा निकालकर गूगल की धूनी दे और मन्त्र पढ़कर उसको सिद्ध करले फिर यन्त्र में

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

रख दे तो फिर उससे जो कुछ बात करे जवाब दे।

बाल उपज नहीं

मरी जोंक सुखालो घोड़े की लीद में ४० दिन तक गाड़ दे बाद में जोंक को निकाल कर पीसले, जिस जगह लगावे बाल नहीं उपजे।

मन्त्र देह की रक्षा का

छोटी मोटी मथकार को वो बाँधे मरा घमासण बांधे जादू वीर बांधे २ मुखरी स्यार बिच्छू बाँधे और साँप बांधे लोह लाहुका कोटे इसोल्लास की खाई मुहम्मद रसूलिल्लाह की दुहाई।

विधि

जंगल या घरमें सोवे तो तीन बार पढ़कर जाँघों पर हाथ मारें जितना पृथ्वी पर प्रबन्ध करे उतनी में घेरा करे तो भय न हो पश्चिम चले पर देश को कुतुब जी के साथ चोर नाहर तीनों बंधाव जहां सोवे वंठ तीन बार मन्त्र की ताउ देवे।

मार्ग चले थके नहीं

नौमी इतवार के दिन घुग्घू के चोंच तथा पर दोनों को भस्म करे और बेलपत्र के चूर्ण को उसमें मिलाकर पांव पर लेपकर तथा १२ मन्त्र जपे। मन्त्र

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

यह है – ओम नमो महापंखे अमृत गुरु स्वाहा वक पन्छी रुबामारीसिह महिमा करतो तस ऊपर भगवत परे अचला भगवत सोसन ।

वशीकरण

काया काको धन हरे, कोयल काको देय ।
मीठे वचन सुनाय के, जग अपनो करि लेय ।।

परन्तु संसार बड़ा कठिन है । साधारण नुस्खे से काम नहीं चलता । इसलिये तन्त्र-मन्त्र द्वारा सर्व कार्यों को सिद्धि बतला दी जाती है मनुष्य क्या पशु-पक्षी भूत प्रेत सभी वश में किये जाते हैं ।

स्त्री वशीकरण

कांगनी, तगर, कूट, चन्दन, नागकेसर काले धतूरे का पंचांग इन सब अ षधियों को बराबर लेकर गोली बनाकर छाया में सुखा डाले फिर उस गोली को पान में रख जिस औरत को खिला देवे वह जिये तब तक वश में रहेगी ।

लोक वशीकरण मन्त्र

बेल का पत्ता, बिजौरा और नमक लेकर उसमें बकरी का दूध डालकर पीसे और तिलक लगावे तो लोक के प्राणी वश में होवे ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

श्रेष्ठ वशीकरण

घी ग्वार की जड़ लाकर भांग के बीज मिलाकर मस्तक पर तिलक लगाने से उत्तम वशीकरण होता है

तथाच

रविवार के दिन हाथ पांव तथा नख का मैल पान में रखकर जिस स्त्री को दे वह वश में हो जाय।

एक विशेष प्रयोग

जिस स्त्री को वश में करना हो उसके बांए पैर के नीचे की मिटटी को शनिवार को ले [illegible]वे, फिर उस मिटटी की पुतली बनाकर उस स्त्र[illegible] बाल उसमें लगावे। फिर उस पुतली को नीले कपड़े में लपेट कर उसकी मांग में सिंदूर लगाकर उसमें अपना वीर्य डाले और उस औरत के द्वारे पर जमीन खोद करके उस पुतली को गाड़ दे तो उसको लांघने से वह औरत प्राण और मन से वशीभूत हो जायगी।

इस प्रयोग को प्रत्येक व्यक्ति को न देना चाहिए क्योंकि यह देवताओं को भी दुर्लभ है।

तथा बुकनी (चूर्ण)

चिता की भस्म और ब्रह्मदण्डी का चूर्ण बनाकर जिस औरत के शरीर पर छिड़क दे वह

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

औरत उसके वश में हो जाय, यह प्रयोग मिथ्या नहीं हैं।

वशीकरण तिलक

लालमखाना और मेनसील को पान के रस में पीस कर तिलक लगावे। फिर मंगल के दिन जिस औरत को वश में करना हो उसका नाम लेकर तिलक करने से उस तिलक को देखते ही वह औरत जिसको वश में करना हो वह वश में हो जाय।

तथाच तिलक

रविवार के दिन काले धतुरे का फल, पत्र, शाखा, लता तथा जड़ को ले आवे। फिर उसमें समान भाग कपूर, केसर और गोरोचन मिलावे और इनको पीसकर तिलक बनावे। फिर उस तिलक को ललाट पर दे तो यदि साक्षात अरुधन्ती के समान भी औरत हो तो वश में हो जाय।

तथाच

काकजंग, तगर, कुंकुम केसर और मेनसिल का चूर्ण बनाकर जिस औरत के सिर पर डाल देने से अद्भुत वशीकरण हो जाता है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथा चूर्ण

चिता की भस्म, बच, कूट, तगर और कुंकुम को समान मिलाकर चूर्ण बनावे। फिर उसको औरत के सिर पर डालने से औरत वश में हो जाती है।

वशीकरण तिलक

गोरोचन, वंशलोचन, मछली का पित्त, केसर, चन्दन, कागजंघा की जड़ इन सबको सम भाग लेकर बावली आदि जलाशय से जल लाकर सबको कूट पीस कर कुंवारी कन्या के हाथ से उसकी गोली बनवाले और छाया में सुखावे। फिर समय पर उस गोली को घिस कर चन्दन लगाकर जहां जावे और जो देखे वश में हो जावेगा। राजद्वार न्यायालय और युद्धादि में भी जाकर देखने वाला वसमें हो जाता है।

राजा कामदार का वशीकरण

बिस्मिल्लाह दाना कुल्हू अल्लाह यगाना बिल सख्त तुम वो दाना हमारे बीच फलाने को करो दिवाना।

विधि

४१ बिनौले लाए फिर एक-एक को इकतालीस बार मन्त्र के समय अर्धरात्रि के समय अग्नि में डाले। तीन दिन में मनोरथ पूरा होगा। प्रथम इक्कीस दिन

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तक २१ बिनौलों पर इक्कीस २ बार पढ़ के जलाए तो सिद्ध होवे।

राज वशीकरण मन्त्र

ओम नमो आदेस गुरु का। जल बांधू सहर बांधू अग्नि बांधू बार बन बांधू सिब पुत्र प्रचण्ड बांधू राजा ईकरसी आसन छोड़ मुझे बैसण देसी, असनो टीको चन्दन ललाट टीको काढ़ि सिह वर्ण कहाऊं और करूं संईयालते में बन्धया न गौरी पार्वती बन्धया या गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाच।

विधि

धूप दीप नैवेद्य रखके पार्वती का ध्यान करे। शनिवार से २१ दिन १२१ जाप करे। मन्त्र सिद्ध हो जायगा। पश्चात कुंकुम, चन्दन, गोरोचन मिला कर गो के दूध में तिलक कर राजा के सम्मुख जाए तो देखते ही वश में हो।

सर्वजन वशीकरण मन्त्र

ओम ताल तुम्बरी वह वह हरें भाल भाल आं ओ धु हें हें हे काल कामनी कोट करिया ओम ठः ठः

राजहंस का पंख और कोचनी के फूल प्रातःकाल गो दूधमें खीर पकाकर मन्त्र पढ़कर अग्नि में आहुति

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

करे और अपने चित्तमें बस करने वाले का ध्यान करे तो तत्काल सिद्ध होती है।

राजा वशीकरण मन्त्र

ओम धुं धुं बीन धा धा लवजंता द्रवयि बहया जा कहर्याता वह मातंगी मसान अमा अमा ओम क्षः क्षः क्षः

श्वेत रेसमी कपड़े पहन कर मोती की माला जप कर श्वेत दूर्बा और रूप कामनी के फूल अग्नि में आहुति करे तो राजा वश में होए।

आकर्षण प्रयोग

काले धतूरे के पत्तों का रस और गोरोचन इन दोनों को लाकर घोल डाले फिर कनेर की कलम से भोजपत्र पर पन्द्रह का यन्त्र लिख बुलाना होय उस का नाम लेकर खैर को अग्नि से उस भोजपत्र को तपावे। वह मनुष्य जरूर आएगा।

वशीकरण प्रयोग

पुष्य नक्षत्र रविवार को जब होय तब सहदेई को लाकर के छाया में सुखावे, फिर पान में जिस औरत को खिलाए वह जरूर वश में हो।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

वैरी ज्वर करण मन्त्र

ओं ह्रीं उल्का मुखो रक्तक्षी विद्युते जिह्वे अमुक को ज्वर मचाथा आवश ह्व हन दह दह पच पच स्वाहा ।

विधि

इस मन्त्र को शनिवार के दिन १०८ बार जपे तो वैरी दुख पावे ।

आपस में लड़ाई कराने का मन्त्र

ओं महा भरवाय श्मशान अमुक अमुके (इस स्थान पर जिससे लड़ाई करानी हो उन दोनों का नाम ले) विद्वेषण कुरु ठट ।

विधि

इस मन्त्र को १०८ बार जपे १३ दिन तक तो दोनों की प्रीति छूटे ।

ताना बिगाड़ना

लाय अश्विनी जामन कील ।
डारे घर कोली के छील ॥
द्वादश अँगुल हाथ प्रमान ।
सूत तष्ट तत्कालहि जान ॥

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

मन्त्र

ओम नमो भगवते रुद्राय भूत वताल त्रन्सनाय
शंख चक्रगदाधराय हन हन महेश चन्द्र
युताय हुं फट स्वाहा ।।

इस मन्त्र को एक लाख जपे तो सिद्धि प्राप्त होती है सिद्धि हो जाने पर सात बार लेप को अभिमन्त्रित करके लेप करे ।

तथा च

कुत्ता, बिलाव, न्योला इनका पित्त समान भाग ले करके लेप करे तो पन्द्रह योजन जाकर कौआ का मांस और रसांजन मिलाकर एक में घिसे उसका लेप चरण तल में करके जसो बिन फिर लौट आवे ।

भूत बाधा नाशक लेप

खस, चन्दन, कांगनी, नागर तथा लाल चन्दन कुट इन औषधियों का तेल भूत बाधा को दूर करता है ।

तथा तन्त्र

ओम नमो भगवते उडामरेश्वराय कुहुनो कुर्वती स्वाहा

इस मन्त्रासे सौ बार झाड़ें और ऊपर जो औषधि कहा है उसे अभिमन्त्रित करके तब लेप करे तो इसके करने से सुख प्राप्त होगा ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

दो दीपक की लौ आपस में लड़े

एक दीपक में भेड़िये की चरबी और दूसरे में बकरी की और राभवान रुई की बत्ती बनाके चिरागों में डाले फिर एक दक्षिण को ओर दूसरा उत्तर में जला दे (आमने सामने) तो दोनों दीपक की लौ आपस में लड़े और ठण्डा करे दूसरा रोशन हो जाय जो बुझाना चाहे तो दोनों एक ही साथ बुझ जायेंगे ।

मालिन की डलिया उछला करे

भादों या कुआर के मंगल में या इतवार को मेंढ़क लावे और उसके मुंह में मिट्टी भर के गाड़ दे कि वर्षा उसके ऊपर पड़े और मुख में सात दाने ऊख के भरदे पेड़ उत्पन्न होवे और फल लावे तब उस फल को निकाल ले अगर उसमें से सात दाने जिस मालिन की डलिया उछला करे ।

कपड़ा आग में न जले

बरांडी में कपूर मिलाकर कपड़े को सात बारतर करे फिर कपड़े को जमीन में बिछाकर उपले रखकर आग जलावे तो कभी न जले ।

लकड़ी लाने की विधि

शाम के वक्त शनिचर के दिन पीले चावल से

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

नेवता दे आवे और रविवार को जाकर कहै कि मैं तेरी लकड़ी की खड़ाऊं बनाऊंगा और फिर लकडी लावे ।

पेट में नाज बोलने का यन्त्र

मँगल या शनिवार के दिन दो चकोर नर को हांड़ी में बन्द करके उत्तर की तरफ खेत में दबादे फिर जो कोई उस खेत में नाज को जबरदस्ती या चोरी से काटेगा तो उसके पेट में दर्द करे और बोले

दो बरतन आपस में लड़े

पुष्य नक्षत्र रविवार या मंगल के दिन दो दांत काले कुत्ते के और दो काली बिल्ली के लावे और चारों दांतों के ऊपर सिन्दूर लगा कर प्याले में रख दे और ढकनी से ढांकदे फिर दो दांत भेड़ के और दो बकरे के लावे और सिंदूर लगाकर बकरे के दांतों को एक प्याले में बन्द करके उत्तर और दक्षिण की तरफ एक हाथ के अन्तर से रखदे कि एक प्याला कुत्ते और बिल्ला वाली बीच में रहे फिर हुक्म की धूनी दे तो दोनों बरतन आपस में लड़े ।

ज्वर निवारण माहेस्वर धूप

लोबान, घी, हींग, देवदास, इन्द्रायणी, गोदन्ती

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

सुगन्धवाल, सरसों, केश, कुचकी, नीम के पत्ते दोनों खटाई बच, यष्ट्य, सूखा बिनौला बकरी के रोम, मोर शिखा यह सब लेकर इकट्ठा करे। फिर बैल के मूत्र में पीसकर मिट्टी के कोरे बर्तन में रख छोड़ो। यह माहेश्वर धूप है। उन्मत रोगी को यह धुप देवी चाहिये तो ग्रह, राक्षस, पिशाच आदि नागभूत पूतना शाकिनी, एकाहिक, दुयाहि और ययाहिक, चातुर्थिक ज्वर तथा जो और भी विघ्नकारी रोग हैं सब क्षण मात्र से दूर हो जाते हैं।

तथा

गुगल, लहसन, घी सांपकी केंचुरी बानर के रोम और मुर्गे की विष्ठा तथा कबूतर की विष्टा इन सब को धूप करे। ग्रह पिशाच, भूत, पूतना शाकिनी ज्वर आदि रोग पर स्पर्श करने से नाश हो जाता है।

उन्मत करने का प्रयोग

धतूरे का बीज, लोहकिटका चूर्ण और गंगौटा विष्टा तथा कंजी बीज इन सबको बराबर भाग में लेकर इनका चूर्ण बनाकर भक्षण करने से मनुष्य उसी समय उन्मत हो जाता है। खान-पान में देवे तो भी उन्मत हो जाता है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

गुरु की शिक्षा

गुरु जब कृपालु होते हैं तो एक पल में निहाल करते हैं, इसलिये महिमा लिखने में नहीं आती, देखो जहाँ नग्न करना लिखा है वहाँ धोती की लांग खुलवा लेते हैं जिस जगह मनुष्य की खोपड़ी से काजल पारा जाता है उस जगह नारियल की आधी खोपड़ी काट के काम में लेते हैं जहाँ चौराहा लिखा है वह घर में वह घर में चौरस लिपवा दो लकीर चावल के आगे का एक पूरब-पच्छिम दूसरा उत्तर-दक्षिण खीचे। चौक में आसन बिछाके मरघट की जगह वहाँ भस्म बिछवा घर में जप कराते हैं तथा कवचों से अपनी रक्षा करले कि कार्य सिद्ध हो जावे।

मार्ग चले थके नहीं

काले तीतर को पकड़ के तीन दिन भूखा रखे चौथे दिन उसकी चोंच खोल के उसमें पारा डाल दे और चावलों को गधी के दूध में भिगो के उसको खिलावे जब वह तीतर बीट करे तो उसमें से पारे की गोली निकाले उसको गुटका जाने उस गुटके को मुख में रख के मार्ग चले तो थके नहीं।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

पूर्व जन्म दीखे

कंकोल के बीज का तेल निकाल उसमें एक रंग घी तेल के दीपक में जलावे काजल पारे फिर कोई अपनी आँखोंमें वह काजल आँजे तो पूर्व जन्म दीखे।

देवी देवता दीखे

कंकोल के तेलमें नागर बेल फल का चूर्ण मिला कर आँजे तो मनुष्य दिखाई दे।

अनेक प्रकार के चित्र दीखें

इतवार को चिरमिटी की जड़ लावे तथा उसकी बत्ती बनावे तथा काली गाय के घी में जलाए तो अनेक प्रकार के चित्र दीखे।

गड़ा धन दिखाई दे

लाल पूंछकी बामनी का रुधिर और मैनफल इन दोनों को पीसकर अंजन करे गड़ा धन दिखाई दे।

निधि दर्शक मन्त्र

जिस स्थान में निधि अर्थात धन हो वहां शिरीष और कनेर के पेड़का पचांग अर्थात शाखा, मूल, पत्र पुष्प तथा बीज, धतूरे का बीज, विष सफेद घुघची, उल्लू पक्षी की विष्टा गन्धक तथा मैनशिल को समान भाग एकत्रित करके कड़ुए तेल में अग्नि पर रखकर

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

परिपक्व करले फिर इसकी धूप दे और निधि दर्शन के मन्त्र का जाप करे तो निधि पर के राक्षस, भूत वैताल, देवता दैत्य तथा नाग इस प्रकार से उसको छोड़कर भाग जाते हैं। जब ये बाधायें दूर हो जायं तब उस धन को निकाल कर मनुष्य सुख भोग सकता है। मन्त्र यह है—

ओ३म नमो विघ्न विनाशाय निधि दर्शन
कुरुकुरु स्वाहा।

यह मन्त्र दस हजार जप करने से सिद्ध होता है। प्रयोग करने के पूर्व एक सौ आठ बार जप करके प्रयोग करने से सिद्ध होता है।

तिजारी निवारण मन्त्र

ओं नमो महा उच्छिशाय योगिनी प्रकीर्णं दण्टा खादति चर्वती श्राशति भक्षति २ ओं ठः ठः ठः ।।

ओंगा का फूल रविवार या मंगलवार के दिन लाकर इस मन्त्र से अभिमन्त्रत करके दाहिने भुजा पर बांधे तो तिजारी दूर हो।

सर्वज्वर निवारण मन्त्र

ओं भैरव भूतनाथ विकराल काय अग्निकाय सर्व ज्वर बध बं मोचम अल्वकेति हूँ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

हूक झारने का मन्त्र

ओं सुमेरु पर्वत पर लोना चमारी सोने की रांपी सोना की सुतारी हूक घूक बाह बिजारी धरणी बाधि काटि कूटि समुन्द्र खारा बहाओ लोना चमारी की दुहाई फुरो मन्त्र ईस्वरो वाच। इक्कीस बार पढ़े शरीर में हूक न रहे।

दूसरा मन्त्र

ओ नमो सार की छुरी धार का बान हुक नाम रे मुम्मवा जवान की आव शब्द साच पिंड काचा फुरो वशई मन्त्रो वाचा।

विधि

एक पैनी छुरी लेकर इस मन्त्र को २१ बार पढ़ता जाय और पृथ्वी पर छुरी से लकीर खींचता जाय तो हूक बन्द होवेगी।

पारे का पात्र बनाने की विधि

पारा आधा सेर, नीला थोथा आधा सेर पीसकर कढ़ाई में रक्खे और उस पर नीला थोथा रख दे और एक पीतल का कटोरा या मिट्टी का बर्तन औंधा रखे और एक दस सेर का पत्थर कटोरे पर रख दे और अब कढ़ाई में गिरे तो पानी खौलता रहे और एक

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

पहर में जल जाये उस समय नीचे उतार पारे को पानी से निकाल कपड़े में छान ले और उसको कच्ची मिट्टी में मिलादे उसके भीतर तुलसी रस बनाकर भर कर तीन दिन पीछे उस बर्तन में पानी छोड़ दे वो घड़े में उसके ऊपर की मिट्टी गल जायगी और पारा निकल आएगा जो मनुष्य उस पात्र में दूध भर कर पियेगा उसके पेट के सब रोग जाते रहेंगे और आगे कोई बीमारी न होगी।

तथा

आधा सेर या पाव सेर मोम के सांचे में आग में दबादे जब रांगा जल जाय और मोम की जगह भर जाय उस समय आग से उतार कर ठन्डा करे और नीचे को अलग करदे फिर दूध पीए कोई रोग उसके पास न आए।

भूख न लगे

गिरगिट की आंत और करंजल का बीज इकटठा करके पीसकर उसकी गोली बनाले। फिर उस गोली को त्रिलोह में रखकर मुंह में रखने से क्षुधा-पियास पीड़ा नहीं देती है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथाच

बकरी के दूध में कमल का बीज, चावल तथा घृत मिलाकर खीर बनावे। इस खीर को बारह दिन तक भोजन करने से क्षुधा पीड़ित नहीं करती।

एक मास तक भूख न लगे

अपामार्ग के बीज को दूध और घी में परिपक्व करे। फिर भैंस के दूध में उसकी खीर बनाकर भोजन करने से एक मास तक क्षुधा नहीं लगती।

अधिक भोजन करे

दुपहरिया के पेड़ पुष्प तथा उसके पत्तों को पीस कर घी के सहित जो कोई उसको खाए वह भीमसेन के समान भोजन करे।

तथाच

शनिवार की संध्या समय में भिलामा के पेड़ क आहार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके रविवार को प्रात, काल में उसका पत्ता ले आना चाहिए। फिर भोजन करने के समय उस पत्ते को अपने चरण के नीचे रख कर भोजन करे तो बहुत सा भोजन किया जा सकता है।

तथाच

आहार के मन्त्र से भिलामा के पेड़ के पत्ते को

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

अभिमन्त्रित करके जो दाहिने हाथ में बांधता है, वह अधिक भोजन करने वाला हो जाता है। मैं सत्य कहता हूं कि इस आहार के प्रयोग करने से भीमसेन के समान भोजन किया जा सकता है। यह प्रयोग सबको न बतावे और यत्न पूर्वक गुप्त रखे।

शरीर रक्षा मन्त्र

ओम नमो आदेश गुरु को बर्ज बजी बजे किवाड़ बजी में बाधा बसो द्वारको घाले उलट वेद वाही को खात पहिली चौक गणपति दूजा चौक हनुमन्त जी तीजी चौक भैरों की चौथी राम रक्षा करने को श्री नृसिह देव जो आये शब्द साँचा पिंड साँचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु को।

पेट की पीड़ा जाए

ओम नमो आदेश गुरु का श्यामा पर्वत श्याम गुरु पर्वत में तीन सूवा कौन कौन बाई हुवा जहर सूबा पीड़ा भोज भोज बेजहर आ गया जती हनुमन्त मारेगा भसमन्त फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

अग्नि जलने की विधि

मेंढ़क की चरबी हाथ मले और सुखा ले फिर जब अग्नि हाथ पर धरे तो जले नहीं।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

तथा

फिटकरी, अफीम, नोन, सांवर कतरी और मुर्गी के अण्डे के छिलके और पारा लेके हाथ में मसले तो आग न जले।

गणेश मन्त्र

ओं अन्तरिक्षाय स्वाहा—इस मन्त्र से गणेशजी का पूजन करे और ओ ह्रीं पूर्व दया। ओं ह्री फट स्वाहा।

इस मन्त्र से लाल चन्दन और लाल कनेल का पुष्प, घृत तथा शहद मिलाकर हवन करे तो देवता मनोवांछित फल देते हैं।

भगवती मन्त्र

ओम ह्रीं श्री मानस सिद्धि करी ह्रों नमः ॥

इस मन्त्रका जप करते हुए एक महीना तक प्रति दिन एक लाख कनेल का पुष्प चढ़ाने से वर दायिनी भगवती आठ गुणों में से एक गुण देती है।

वाक्य सिद्धि तन्त्र

कृतिका नक्षत्र में थूहर के पेड़ का बांदा लाकर जो अपने हाथमें बांधे उसे वाक्य सिद्धि प्राप्त हो जाय यह अत्यन्त विस्मय प्रद प्रयोग है।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

इच्छा पूर्ण तन्त्र

इसी प्रकार—

ओम अन्तरिक्षाय स्वाहा—इस मन्त्र से स्वाती नक्षत्र में बेर का सन्दाक लेकर उसको हाथ में बांधे तो इसके प्रभाव से जिस समय जो इच्छा करे वह क्षण भर में पूर्ण हो जाती है ।

विघ्न नाशक चूर्ण

गन्धक, हरताल और विष को पीसकर चूर्ण के समान बनाले। और उस चूर्ण को गौ के मूत्र में मिला कर उसको सुखा लो। इसका सेवन करके से सब तरह के विघ्न दूर होते हैं ।

पानी का दूध

मखमल आय महीन अति लेवे दूध भिजोय ।
छाया सूखी ताहि कर फेर भिजोवे सोय ।।
सात बार ऐसा करे करके राखे पास ।
भरे घड़ा में गेरिये होय दूध जल जास ।।

आग का बुझाना

बेंत की जड़ और घोड़े का सुम बराबर लेकर पीस ले और चूल्हे में डाले तो आग जले नहीं और धुंआ उठे ।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

छप्पर, घर आदि का बुझाना

एक लोटा अच्छा जल लेकर और अग्नि की तरफ खड़ा होके अनेक तरह की प्रार्थना करके यह कहता जाय कि अग्नि देव शीतल हो और जब श्वाँस भीतर को जाय तब पीता जाय तो अग्नि शान्ति होय यानी बुझ जाय ।

अग्नि में कोई वस्तु भस्म न होय

शनिवार या रविवार को जब अमावस को तब तब तुलसी की जड़ को गधे के मूत्र में बुझावे फिर जिस चूल्हे या भट्टी में गेरे तो कुछ चीज भी गरम न होवे ।

अग्नि जलने की विधि

मेंढक की चरबी अंजीर की लकड़ी में जमाकर चूल्हे या भट्टी में गाढ दे तो जब तक वह लकडी न निकले तब तक न जले ।

बालक का रोना बन्द होने का मन्त्र

ओम बिदुद्रव बहलाग्र स्फ्रे स्फे स्फे क्रां क्रीं
ह्रीं ओम ॥

सूर्योदय के पहिले पवित्र स्थान की कोरी सींके ११ ले आवे और इतवार मंगल को इस मन्त्र को

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

प्रेत या चुड़ेल का मन्त्र

ओम ह्रीं क्लीं कंकालरूपिनी कूटम्बरी आडम्बरी हंकार वंकार धः धः

नीम की पत्ती की धूनी देकर इतवार मंगलवार को इस मन्त्र से झारे तो बाधा शान्त हो।

नेत्र पीड़ा निवारण मन्त्र

ओ अंगाली बंगाली अताल पताल गर्द मर्द। आवर जावर फट् फट् उत्कट ओम हूं ठः ठः॥

रविवार या मंगलवार को कुशा से २१ बार पढ़ कर झाड़ देने से सबप्रकार की नेत्र पीड़ा दूर होती है

पेट का शूल जावे

स्यार की नाभि को कतर उसमें गुड़ मिलावे चार गोली बनावे और एक गरम पानी के साथ रोगी को तीन-२ घड़ी में देवे तो आराम हो जाय।

जंगाल बनाने की विधि

सेर भर तांबे का चूरा और दो सेर नौसादर को पात्र में रखकर नीबू का रस डाल दे। ४० दिन तक रख छोड़े फिर छाया में सुखाले अच्छा जंगाल बने।

बाढ़ के कीड़ा निवारण मन्त्र

ओम नमो आदेश गुरु को नौलाख कामरू एक

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

बार जहाँ बैठे गोला वाला गंगा जमुना सरस्वती जहाँ बैठे गोरख जती गौतम ऋषि सिषर पर्वत आई कामधेनु ३६ रोग टले आधी राधी वाय भैरो माय हिरण बिया सिताल पास पठिया मेरी रक्षा करे श्रीराम चन्द्र हनुमन्त वरवीर सब रोग दोष पराई बाव गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।

विधि

अच्छा पानी २१ बार मन्त्र गांव के निकास पर बैठ वाढ़ काढता जाय पानी का छींटा देय तो अच्छा होय ।

दूसरा बाड के कीडे का यन्त्र

सवाए में शशि में पीनी गोवा में कीड़ा बीढ़ा में कीड़ा मरे पीरा टरे शब्द साँचा पिड काचा पुरा मन्त्र ईश्वरी वाचा ।

दो कील की ढोलक कुए में डारे दूसरी सीवन फाड़े तो कीड़ा मरे पीड़ा जाय ।

अन्न पचाने का मन्त्र

अगस्त कुम्भकर्ण सम च वाग्वब: ।

आहारं पाचनार्थाय स्मरद्भीमं च पंचकम ॥

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

अँधेरी रात में दीखे

रविवार को नदी के किनारे जाए और मेंढक के चौड़े जुफतो खाता हुआ लाए और छाया में सुखा ले फिर भोग में डाल कर भून ले और पीस कर सुरमा बनाले, जो मनुष्य अँधेरी रात में लगाए तो चांदनी की तरह दिखाई दे।

जल में आग प्रगट हो

नोनियां गन्धक और नौसादर दोनों की पोटली बांध जल में डाल कर मसलें तो अग्नि प्रगट हो।

कंठ माला का मन्त्र

ओं कन्ठ माला मृदुमुण्डमाला सिर पर घड़ो बज तो तालो गोरखनाथ जंगल से आया बढ़ती बेल तुरन्त की घटाला घट देख गई रोम यचे फूटे पीड़ा करे तो गोरखनाथ की दुहाई।

पीलिया का मन्त्र

ओं नमो आदेश गुरु का रामचन्द्र सर बांधा काला पीला थोथा पीला चारों झड़ रामचन्द्रजी नाम मेरा भक्ति गुरु की शक्ति पूरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

विधि

सुई से कटोरी भर के ९ दिन तक झाड़ा देवे।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

दांत का मन्त्र

ओम बन्ता तुम काग कुलंता हम तुम्हें सजाय वा हम एक सरल मता वही गुरु हमारी तुम्हारी कौन रीति हम कसम खावें बतलाऊं मृत्यु के समय तुम संग ही जाऊं।

विधि

इस मन्त्र को सात बार पानी में पढ़कर पिलादे पेट की पीड़ा दूर हो जाय।

आँख न दुखे

ओं नमो झलमल जाहर भरी तलाई, जहाँ बैठा हनुमन्ता आई। फूटे न पाके न करे पीड़ा यती हनुमन्त राखे पीड़ा।

विभूति लेकर यह मन्त्र पढ़ कर लगादे।

तथाच

ओ नमो श्रीराम की धनी लक्ष्मण का बाण आंख दर्द करे लक्ष्मण कमर की आन मेरी भक्ति गुरु की शक्ति पूरो मन्त्र ईश्वरो वाचा। सत्य नाम आदेश गुरु का दिवाली को १४४ बार जप कर सिद्ध करले फिर जिस किसी को इस मन्त्र से तीन दिन झाड़े वह सुखी हो।

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

झड़ता हुआ गर्भ रुके

ओं ह्रां ह्रीं चल चले दुःचल हः ठः ठः ठः स्वाहा।

इस मन्त्र से २१ गाँठ लगाकर उस तागे को कमर से बांधने से गर्भ नहीं गिरता ।

कंठमाला का मन्त्र

ओ३म कण्ठबेल द्रु द्रु मद्रु मावली, शिर पर जड़ी गज की ताली गोरखराय जागता आया, बढ़ती बेल को तोड़ता आया। घटाया तो घट गई बेल। बढ़े ना रोग पाके फूटे पीड़ा करे तो गुरु गोरखनाथ की दुहाई ।

इससे भी सिद्ध कर विभूति से अच्छा करे। विभूति से छेक दे ।

वायुदोष नाशक मन्त्र

ओं करवर बाँई सरी तलाई, जहां बैठ हनुमत आई पाके व फूटे, चले ना चाल, रक्षा करो गुरु गोरखनाथ नीम की डाली से झाड़ देवे। मंत्र के पहिले सिद्ध कर रक्खे ।

आँख का फूला काटने का मन्त्र

उतर काल काछ सुन योगी का बाल गोरख योगी की दो बेटी एक माथे एक चूल्हा एक काटे फूला

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

दुलाई सोना चमारी को शब्द साचा पिंड कांचा फुर ईश्वरो वाचा ।

विधि

लोहे की कील इक्कीस बार पृथ्वी में इस मन्त्र से ठोके तो फुला कटे ।

आधा शीशी निवारण मन्त्र

वन में जाय बांदरी जो आधा फल खाय खड़े मोहम्मद झोंक दे आधा शीशी जाय ।

विधि

शुक्ल पक्ष में जुमेरात को २०१ बार मन्त्र पढ़ कर सिद्ध कर ले फिर रोगी के सिर पर तीन बार मन्त्र पढ़ के झाड़ दे ।

मृगी का मन्त्र

हलाहल सरगत मड़िवा पुड़िवा श्रीराम फूंके मृगी वायु सुखी ओं ठः ठः स्वाहा । यह मन्त्र लिखके कण्ठ में बांधे जब मृगी आवे ।

संपूर्ण शिरोव्यथा मन्त्र

माला कण्डी के बेर २१ तब फूंके शिरो व्यथा निसु नसिर रोई वब घर मेघ गरजिह निसुनबाक हसु

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

धर फुफु बिबेरी फुनि डमरू बाजे बिसु नहीं कलह विस पुष्ट साँच भई ।

उठी आँख झरने का मन्त्र

ओ बने बिआई बानरी जहाँ जहाँ हनुमन्त आँख पीण कषा वरी गिहिया थने लरइ चारिउ जाय भस्मन्त गुरु की शक्ति मेरी भक्ति पुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।

विधि

आँखि पर हाथ फेरे सात बार मन्त्र पढ़कर फूँके तो व्यथा और पीड़ा न रहे ।

दाँत दर्द का उपाय

मन्त्र

हे दन्ता । तुम क्यों हन्ता । हमें तुम्हें है दोष । हम तो अकसर तुम बतीस । हमरी तुमरी कौन सी रीति । हम कमावें तुम बैठे खाओ । मृत्यु की बिरिया संग हो जाओ ।

जब मुँह धोवे तब जल लेकर सात बार इस मंत्र से कुल्ला करे तो पीड़ा जाती रहे हिलते दाँत जमे ।

* समाप्त *

मुद्रक—भारती फाइन आर्ट प्रिंटर्स, मथुरा

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

Delhi Books Collection Digitized By eGangotri

घर बैठे ही पुस्तकें V.P. द्वारा प्राप्त करें
(मूल्य डाक खर्च सहित)

श्री विश्वकर्मा पुराण ग्लेज ७०)
श्री मद्देवी भागवत पुराण जिल्द ७०)
श्री मद्देवी भागवत पुराण खुला ६०)
श्री शिव महापुराण ५०)
श्री शिवलीला मृतकथा सार
सेमीनेशन टायटिल १२)
" " रैक्सीन कवर १६)
महाभारत भाषा नया कवर २५)
रवीदास रामायण मोटी ग्लेज १०)
श्री दास चरित्र बड़ा साइज १०)
केंवर पुराण ग्लेज रैक्सीन जिल्द २५)
राधेश्याम रामकृष्ण २०)
राधेश्याम रामायण ग्लेज २५)
सद्गुरु श्री रामदास कृत पंचीकरण
ग्लेज सैमीनेशन कार्ड टायटिल २५)
वृहद सर्वदेव पूजा
प्रतिष्ठा पद्धति ३०)
५४४ पेज ग्लेज कागज कार्ड शीट
कवर प्लास्टिक वाला रैक्सीन जिल्द
४०)
गरुण पुराण भा० टी० ग्लेज
कार्डशीट का तिरंगा सेमीनेशन कवर
२५)
गरुण पुराण भाषा ग्लेज कार्ड कवर
सेमीनेसन १२)
गीता भाषा ग्लेज रैक्सीन जिल्द २०)
" " सादा जिल्द १५)
" " रफ जिल्द १२)

दुर्गा सप्तशती भाषा ग्लेज रैक्सीन २०)
" " सादा १५)
" " रफ १२)
महाकाली नित्य उपासना ग्रन्थ १२)
कबीर उपासना पद्धति तिरंगा सेमीनेशन
कार्ड कवर ५१)
दुर्गा स्तुति १०)
ग्रह शान्ति पद्धति १५)
नवग्रह साधना पद्धति २१)
रविदास चरित्र छोटा ४)
रुद्राष्टाध्यायी भा०टी० ग्लेज तिरंगा
सेमीनेशन कार्ड कवर ६२)
वशिष्ठी हवन पद्धति सर्वतो भद्रचक्र का
रंगीन नक्शा तिरंगा सेमनेशन कवर १०)
विष्णु सहस्र नाम भाषा टीका सहित
ग्लेज तिरंगा सेमीनेशन कवर १०)
गोपाल सहस्रनाम ४) तथा भा.टी १०)
विष्णु स० मूल पाठ ४)
वृहद सर्व देव पूजा पद्धति ५)
महा मृतुञ्जय स्तोत्र जप विधि ५)
सन्तान गोपाल स्तोत्र भाषा टीका ५)
सर्वदेव प्रतिष्ठा पद्धति १२० पृष्ठ
तिरंगा सेमीनेशन टायटिल १०)
प्रदोष पूजन उद्यापन पद्धति भाषा टीका
सहित २०० पेज ग्लेज सेमीनेशन
टायटिल १५)
प्रेत मंजरी भाषा टीका सहित ग्लेज
२०० पेज सेमीनेशन टायटिल १०)

मंगाने का पता-- शीतल एण्ड कम्पनी, सतघड़ा, मथुरा - 281001